वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः 312/गोप0/प्रायो0/24 दिनांकः 09.04.2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय :– स्नातक स्तर पर कला/विज्ञान/वाणिज्य के द्वितीय, चतुर्थ व षष्टम सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अष्ठम व दशम् सेमेस्टर में मौखिकी/प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपलोड करने एवं फाइनल अथेन्टिकेट करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में आदेशानुसार अवगत कराना है कि लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत एवं शासन द्वारा निर्गत शैक्षिक कैलेण्डर के अनुपालन में परीक्षा सम्पन्न कराकर परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु स्नातक स्तर पर कला/विज्ञान/वाणिज्य के प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सप्तम व नवम् सेमेस्टर में मौखिकी/प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु नामित परीक्षकों की मूल सूची से ही पुनः स्नातक स्तर पर कला/विज्ञान/वाणिज्य के द्वितीय, चतुर्थ व षष्टम सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अष्ठम व दशम् सेमेस्टर में मौखिकी/प्रायोगिक परीक्षा करायी जायेगी, जिसकी सूची कालेज लॉगिंन पर विषयवार उपलब्ध करा दी गयी है। जिन विषयों में विषम सेमेस्टर की परीक्षा में परीक्षक नामित नहीं किये गये थे उनके सम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा हेतु परीक्षकों की सूची अलग से जारी की जायेगी।

अतः जनपद– **जौनपुर, गाजीपुर एवं प्रयागराज** के सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय अपने यहाँ संचालित पाठ्यक्रमों की मौखिकी/प्रायोगिक परीक्षा विलम्बतम् दिनांक 30 अप्रैल 2024 तक सम्पन्न कराकर ऑनलाइन मार्क्स सब्मिट करना तथा उसकी हार्ड कापी विश्वविद्यालय में दिनांकः 05 मई 2024 तक जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे कि परीक्षा परिणाम ससमय घोषित किया जा सके।

भवदीय
09/04
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समाचार सम्पादक, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, को इस आशय से प्रेषित कि कृपया वे अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वांचल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. आशुलिपिक परीक्षा नियंत्रक।
4. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आज ही अपलोड करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक